कार्यालय, लोक सेवा आयोग, उ0प्र0,
संख्या– 17 /1/ई–2/2022–23
प्रयागराजः दिनांक 30 जनवरी, 2023

## <u>विज्ञप्ति</u>

आयोग के विज्ञापन संख्या ए–5/ई–1/2022 दिनांक 10–12–2022 के अन्तर्गत विज्ञापित **उ0प्र0 न्यायिक सेवा सिविल जज (जूनियर डिवीजन) (प्रा0) परीक्षा–2022** के संदर्भ में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि आयोग द्वारा उक्त परीक्षा **दिनांक 12 फरवरी, 2023 (रविवार) को दो सत्रों में (पूर्वाह्न 9:30 से 11:30 तक एवं अपराह्न 02:30 बजे से 04:30 बजे तक) प्रदेश के 05 जनपदों यथा–प्रयागराज गोरखपुर, कानपुर नगर, आगरा एवं मेरठ** के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। प्रश्नगत परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र आयोग की **वेबसाइट <u>https://uppsc.up.nic.in</u>** पर उपलब्ध हैं। अभ्यर्थी अपने रजिस्ट्रेशन नम्बर एवं जन्म–तिथि के आधार पर प्रवेश–पत्र तथा अनुदेश डाउनलोड कर, प्रवेश–पत्र में अंकित परीक्षा केन्द्र पर नियत तिथि एवं समय पर दो फोटो एवं आई.डी.प्रूफ की मूल एवं छायाप्रति लेकर उपस्थित हों। प्रश्नगत परीक्षा में **अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर 30 मिनट पूर्व प्रवेश दिया जायेगा एवं परीक्षा आरम्भ होने के 10 मिनट पूर्व प्रवेश बन्द कर दिया जायेगा,** उसके बाद परीक्षा केन्द्र पर किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी।

(अजय कुमार तिवारी)
परीक्षा नियंत्रक।